(b). if so, what effective steps Government have taken so far, to curb/ check such anti-national activities; and

(c) whether any discussions were held between Government and the affected States so as to find out the reasons behind it?

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI L.K. ADVANI): (a) Chemical weapons as such have not been recovered so far. However, there have been instances of recovery of explosives and other materials.

(b) A number of persons have been arrested and cases registered against them. Raids are being organised regularly for recovery of explosive substances. The Al-Ummah and the Jehad Committee have been declared as unlawful organisations by the State Government. Further, the State Government, during the last Assembly Session passed a Bill called the 'Tamil Nadu Prevention of Terrorist Activities Act, 1998' to check the forces of fundamentalism and terrorrism in the State.

(c) Yes, Sir.

जाली करेंसी मुद्रा रखने वाले पाकिस्तानी नागरिक

2348. **प्रो0 विजय कुमार मल्होत्रा** : क्या **गृह** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि **:**

(क) पिछले तीन वर्षो के दौरान भारत में जाली करेंसी मुद्रा चलाने में कितने पाकिस्तानी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया **;**

(ख) क्या इसमें पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आई0एस0आई0 का हाथ पाया गया है**;** और

(ग) क्या भारतीय अर्थव्यवस्था को क्षति पहुंचाने के लिए यह पाकिस्तान की एक साजिश है?

गृह मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी) : (क) से (ग) सरकार को देश के विभिन्न भागों में आतंकवाद को बढ़ाने तथा तोड़-फोड़ की गतिविधियों द्वारा भारत को अस्थिर करने की पाकिस्तान की आई0एस0आई0 के नापाक इरादों की जानकारी है। पाक आई0एस0आई0 नशीली दवाईयां तथा जाली करेंसी मुद्रा की तस्करी करने के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों में काम कर रहे तस्करों को भी संरक्षण प्रदान कर रही है ताकि भारत में आतंकवादी गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जा सके। केन्द्र सरकार, राज्य प्राधिकारियों द्वारा, अपराध-वार व्यक्तियों की गिरफ्तारी से संबंधित कोई सूचना नही रखती है।

उच्चतम न्यायालय को धमकी

2349. **श्री जनेश्वर मिश्र** : क्या **गृह** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि**:**

(क) क्या यह सच है कि कुछ संगठन प्रमुखों ने उच्चतम न्यायालय को यह धमकी दी है कि यदि अयोध्या विवादित स्थल के मामले में फैसला उनके विरुद्ध किया गया तो उच्चतम न्यायालय को भी धर्म अदालत में बुलाकर सजा दी जा सकती है;और

(ख) यदि हां, तो सरकार ऐसे संगठनों और उनके प्रमुखों के विरुद्ध क्या कदम उठा रही है?

गृह मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी) : (क) सरकार को अभी तक इस प्रकार की कोई सूचना नही मिली है।

(ख) प्रश्न नही उठता है।

Shukla Commission Report

2350. SHRI DRUPAD BORGOHAIN: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) the measures taken by Government for transforming the North East on the basis of the suggestions of High Level Commission Report submitted to Prime Minister on March 7, 1997; and

(b) the concrets steps proposed by Government as per the S.P. Shukla Commission's Report?

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI L.K. ADVANI): (a) and (b) The High Level Commission (HLC) for the North East headed by Shri S.P. Shukla, the then Member, Planning Commission, submitted its report to the then Prime Minister on March 7, 1997. The HLC critically examined the backlog in Basic Minimum Services (BNS) and

gaps in infrastructure development such as Power, Communication, Irrigation, Flood Control etc. and recommended policy initiatives and programmes to bridge these gaps and rejuvenate the local economy along with measures for institutional reforms, additional resource mobilisation and effecting public participation in development activities. The HLC also estimated the total cost for providing BMS to the North Eastern States and indicative requirement of funds for infrastructure development in the Ninth Five Year Plan. The Recommendations will be implemented by dovetailing the Scheme with the Plans of the State Governments and the Central Ministries/Departments.

Rescheduling Konch Rajbonshis as a Tribe

2351. SHRI DRUPAD BORGOHAIN: Will the Minister of HOME AFFAIRS be pleased to state:

(a) whether Government are considering to reschedule Konch Rajbonshis of Assam as tribe;

(b) whether Government will introduce a Bill for rescheduling of Chutias, Morans, Muttocks, Tai-Ahoms and Tea population of Assam as tribes; and

(c) if so, by when the Bill is likely to be introduced?

THE MINISTER OF HOME AFFAIRS (SHRI L.K. ADVANI): (a) In so far as specification of Koch-Rajbonshi (not Konch-Rajbonshis) community as Scheduled Tribe in relation to State of Assam (excluding autonomous districts) is concerned, the matter is under examination in consultation with the concerned agencies.

(b) No, Sir.

(c) Does not arise.

पाकिस्तानी नागरिकों द्वारा नियत समय से अधिक ठहरना

2352. **श्री ओंकार सिंह लखावत** : क्या **गृह** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत पांच वर्षो के दौरान कितने पाकिस्तानी नागरिक पासपोर्ट लेकर भारत आए;

(ख) क्या पिछले पांच वर्षो के दौरान पासपोर्ट लेकर भारत आए सभी पाकिस्तानी नागरिक पाकिस्तान लौट गए है;

(ग) यदि नही, तो उनकी संख्या कितनी है; और

(घ) सरकार उन पाकिस्तानी नागरिकों के खिलाफ क्या कार्रवाई कर रही है जो पासपोर्ट लेकर भारत आए किन्तु वापस नही गए?

गृह मंत्री (श्री लाल कृष्ण आडवाणी) : (क) उपलब्ध सूचना के अनुसार, पिछले पांच वर्षो के दौरान वैध पासपोर्ट पर नीचे दिए गए विवरणानुसार 2,89,900 पाकिस्तानी नागरिक भारत आए:-

वर्ष	संख्या
1993	52,898
1994	47,139
1995	34,755
1996	57,921
1997	97,187

(ख) पिछले पांच वर्षो के दौरान नीचे दिए गए विवरणानुसार 2,85,498 पाकिस्तानी नागरिक वापिस पाकिस्तान लौटे:-

वर्ष	संख्या
1993	57,352
1994	45,539
1995	37,251
1996	53,144
1997	92,212

(ग) तथापि, कुछ पाकिस्तानी नागरिक जो कि वैध पारपत्र पर भारत आए थे वापिस पाकिस्तान नही लौटे ।